संख्या- 5120/15-7-161671/99

प्रेषक,

श्री साहब सिंह निरंजन
विशेषकार्याधिकारी
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद
शिक्षा केन्द्र-2 सम्दाय केन्द्र
प्रीति विहार, नई दिल्ली।

शिक्षा (7) अनुभाग

लखनऊ: दिनांक: 29 अक्टूबर, 1999

विषय:- माडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल मण्डावर रोड, बिजनौर को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि माडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल मण्डावर रोड, बिजनौर को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिये जाने में इस राज्य सरकार को निम्न-लिखित प्रतिबधों के अधीन आपत्ति नहीं है:-

(1) विद्यालय की पंजीकृत सोसायटी का समय-समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा।

(2) विद्यालय की प्रबंध समिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा।

(3) विद्यालय में कम से कम दस प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के बच्चों के लिये सुरक्षित रहेंगे और उनसे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।

(4) संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की मांग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से अथवा बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की संबद्धता केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद/कौंसिल फार दि इण्डियन स्कूल सर्टीफिकेट इक्जामिनेशन नई दिल्ली से प्राप्त होती है तो उस परीक्षा वर्ष से उक्त केन्द्रीय परिषदों की संबद्धता प्राप्त होने की तिथि से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रदत्त मान्यता तथा राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेंगे।

(5) संस्था शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगे।

(6) कर्मचारियों की सेवा शर्तें बनायी जायेंगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों की अनुमन्य सेवा निवृत्ति का लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे।

---(2)

Principal
Modern Era Public School
Mandawar Road, BIJNOR
246701 (U.P.)

Manager
Modern Era Public School
BIJNOR (U.P.)

13/3/24

(7) राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगे संस्था उनका पालन करेगी।

(8) विद्यालय का रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र/पंजिकाओं में रखा जायेगा।

(9) उक्त शर्तों में राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना कोई परिवर्तन/संशोधन या परिवर्धन नहीं किया जायेगा।

2- प्रतिबंध यह भी होगा कि संस्था द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि
(1) आवेदन पत्र तथा शुल्क जमा होने की पुष्टि कर ली जाय।
(2) सोसाइटी रजिस्ट्रेशन में शासनादेश दि0-30-11-91 में अंकित प्रतिबंधों का समावेश सोसाइटी बाईलाज में उल्लिखित हो।
(3) विद्यालय में अध्यापन का माध्यम, कक्षावार शुल्क का विवरण प्राप्त किया जाय।
(4) विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों का भुगतान नये वेतनमान के अनुसार सुनिश्चित किया जाय तथा प्रधानाचार्य के वेतनमान में कुल देय परिलब्धियाँ प्राप्त की जाय।
(5) विद्यालय की निजी भूमि स्वामित्व में हो।
(6) विद्यालय में शिक्षण कक्ष निर्धारित माप के हो।

3- उक्त प्रतिबंधों का पालन करना संस्था के लिये अनिवार्य होगा और यदि किसी समय यह पाया जाता है कि संस्था द्वारा उक्त प्रतिबंधों का पालन नहीं किया जा रहा है अथवा पालन करने में किसी प्रकार की चूक या शिथिलता बरती जा रही है तो राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा।

भवदीय

(साहब सिंह निरंजन)
विशेषकार्याधिकारी

पृ0सं0- 5120 (1)/15-7-99 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-
1- शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2- मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक मुरादाबाद।
3- जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर।
4- निरीक्षक आंग्ल भारतीय विद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।
5- प्रबंधक मार्डन ऐरा पब्लिक स्कूल, मण्डावर रोड, बिजनौर।

आज्ञा से

(साहब सिंह निरंजन)
विशेषकार्याधिकारी

Principal
Modern Era Public School
Mandawar Road, BIJNOR
246701 (U.P.)

13/3

Manager
Modern Era Public School
BIJNOR (U.P.)